# IQAC Meeting dated 20/09/2017

आज दिनांक 20/09/2017 को प्रातः 09:00 बजे IQAC की मीटिंग आहूत की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे/हुए

1. Dr. P.K. Varshney
2. Dr. Praveen Kumar
3. Sh. Mohit Jain
4. Dr. S.C. Jain
5. Dr. A.K. Jain
6. Dr. Shashi Nautiyal
7. Dr. Mahesh Kumar
8. Dr. Manu Gupta
9. Dr. Poonam Sharma
10. Dr. Mamta Singhal
11. Dr. Rajendra Kumar
12. Dr. Sandeep Gupta
13. Dr. Jyoti Singh
14. Dr. Lokesh Kumar
15. Dr. Y.P.S. Gopal
16. Dr. Rakesh Chandra
17. Dr. R.K. Gupta
18. Dr. Vinod Kumar
19. Dr. B.P. Singh
20. Sh. Vineet Mittal (President Alumini Asst)
21. Dr. Pankaj Gupta
22. Dr. Reshma Devi
23. Sh. Vijay Kr. Pundir

~~24. Dr. R.K.G.~~

~~24. Dr. Deep Gupta~~

दिनांक 20.09.2017 की प्रातः 09:00 बजे हुई प्राचार्य कक्ष में आई०क्यू०ए०सी० की बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये:–

1. **Minutes of the previous meeting:** पूर्व कार्यवाही की पुष्टि।
2. **NAAC acceredilation process for 2019:** अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति डॉ० आई०सी० जैन जी के द्वारा प्रस्ताव पर राय रखी गयी कि डॉ० प्रवीण कुमार जी के निर्देशन में नैक के कार्य को आगे बढ़ाया जाए, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ।
3. **Letter of Director Higher Education dated 01.08.2017:** निदेशक, उच्च शिक्षा के पत्र पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई व सर्वसम्मति से सहमति दी गई कि इस हेतु महाविद्यालय में Placement Cell की स्थापना, कैरियर कांउसिल सैल की प्रभारी डॉ० ममता सिंघल के निर्देशन में स्थापित की जाए। तथा दीन दयाल उपाध्याय जी की स्मृति में इस वर्ष महाविद्यालय में क्रीड़ा गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के लिए स्पोर्टस काउन्सलिंग व सांस्कृतिक परिषद को निर्देशित किया जाए।
4. **Letter of C.C.S. University, Meerut dated 01.09.2017:** महाविद्यालय में इस वर्ष से किन्हीं दो विभागों द्वारा शिक्षकों के Lectures महाविद्यालय की Website पर अपलोड किये जाऐं। इस हेतु प्राचार्य एवं आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक इस सम्बन्ध में दो विभागों का चयन कर, निर्देशित करें।
5. **Establishment of E-Library & uses of National Digital Library (NDL), (Instruction through DHEUP):** महाविद्यालय में E-Library एवं NDL के उपयोग हेतु पुस्तकालय अध्यक्ष एवं समन्वयक, आई0 टी0 कमेटी डॉ० लोकेश जी के द्वारा इस कार्य को पूर्ण करने हेतु दिशा–निर्देश दिये गये। साथ ही इन्हें यह भी निर्देश दिया गया की छात्र–छात्राओं को NDL एवं Online Journals Facility का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करें।
6. **Automation of library with setup of E-Journals facilities:** लाईब्रेरी में Inflibnet & NPTEL के Online Journal के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए व लाइब्रेरी की Books को Acc. No. के बजाय DDC No. के हिसाब से रखा जाए।
7. **Maintenance of college hall with Ceiling/Fixed Sound System/ permanent Stage Decoration/ Electric Works & one watercolor with RO-filteration in front of Hall:** महाविद्यालय के कलांगन हॉल को पूर्णतया सीलिंग, साउंड सिस्टम, स्टेज, बिजली के कार्य एवं एक वाटर कूलर लगवाने हेतू, सचिव (प्रबन्ध समिति) महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यह प्रस्ताव प्रबन्ध समिति की बैठक में पास कराकर जल्दी ही किया जायेगा।
8. **Two Separate Computer Labs for college:** सभी की सहमति से यह प्रस्ताव पारित किया गया की यू०जी०सी०–सी०पी०ई० फंड से कुछ कम्पयूटर खरीदकर एक कम्पयूटर लैब आई०क्यू०ए०सी० विभाग के ऊपर बने कक्ष में स्थापित की जाए व इसके अतिरिक्त जल्द ही एक लैब अलग से स्थापित की जायेगी।
9. **Maintenance of park with English grass in front of physics, Adm. Block & Geg. / law Department:** प्रशासनिक भवन के सामने, भौतिक विभाग के सामने व भूगोल विभाग के सामने की लॉन/पार्को को ईगलिश ग्रास से सजावट कर बनाया जायें। इस सम्बंध में सचिव, प्रबन्ध समिति महोदय ने आश्वासन दिया गया कि पहले रास्तों/सड़कों की मरम्मत कराकर तत्पश्चात् यह कार्य किया जाएगा।
10. **Active participation of different committees & set targets for them:** इस बिन्दु पर प्राचार्य महोदय सभी कमेटीयों को वार्षिक लक्ष्य स्थापित करने के लिए दिशा निर्देश देंगें। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के माध्यम से एक गाँव को गोद लेने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।
11. **A strong feedback system should be established:** महाविद्यालय के विभिन्न Stakeholders से फीडबैक को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए फीड बैक कमेटी का गठन कर इस पर प्रभावी तरीके से कार्य किये जाए।
12. **Improvement of College Wi-Fi structure & accessible to all the students:** महाविद्यालय को पूर्णतयाः वाई०–फाई० करने हेतू आई० टी0 कमेटी को निर्देशित किया जाएगा व इसे जल्द से जल्द प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा।
13. **Plants & trees should be planted/ maintained in proper manner:** महाविद्यालय में पेड़–पौधे के रख–रखाव पर ध्यान दिया जाएगा व इस सम्बंध हेतू महाविद्यालय की सौन्द्रयीयकरण समिति को निर्देशित किया जाएगा।
14. **Cleanliness of the College campus (classroom, park, toilet, laboratories & departments):** महाविद्यालय की साफ–सफाई के लिए स्वच्छता कमेटी का गठन कर प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा।

15. **Maintenance of college infrastructure (Roof, Furniture, Electric wiring Solar System) [Incharge should be responsible]:** महाविद्यालय के Infrastructure को दुरूस्त रखने के लिए श्री सुनील कुमार जैन, कार्यालय अधीक्षक को जिम्मेदारी दी जाए की वह महाविद्यालय में माह में दो बार समस्त महाविद्यालय का भ्रमण/निरीक्षण कर खराब अव्यवस्थित वस्तुओं की सूची तैयार कर जल्द से जल्द ठीक कराने की व्यवस्था की जाए।

16. **College stock system should be strong:** महाविद्यालय की सभी वस्तुओं को केन्द्रीकृत रिकार्ड में सूचीबद्ध किया जाएगा इस हेतु एक कमेटी का गठन कर निर्देशित किया जाएगा।

17. **Security Wiring on wall barricading of Boundary of the college:** महाविद्यालय के पीछे के भवन की छतों पर बाहरी तत्वों के प्रवेश को निषेध करने के लिए दीवार पर केटीलें तारों को लगाया जाए।

18. **Students, fee online transaction system should be made more strong:** महाविद्यालय में इस वर्ष से केशलेश लेनदेन की शरूआत की हैं। उसमें काफी सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए आई०टी० कमेटी को जिम्मेदारी दी जाए और इसको अगले सत्र से पूर्व प्रभावी तरीके से लागू किया जाए।

19. **Toilet facility for girls & boys should be as per strength:** महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए आवश्यकता अनुसार शौचालयों का निर्माण भविष्य में कराया जाने का आश्वासन सचिव प्रबन्ध समिति द्वारा दिया गया।

20. **College has to work on energy consumption:** ऊर्जा बचत के लिए महाविद्यालय में सभी बल्बों व ज्यादा ऊर्जा खर्च वाले उपकरणों को हटाया या कम किया जाए एंव भविष्य में सोलर ऊर्जा प्लाण्ट को स्थापित करने की दिशा में कार्य किये जायेगें।

21. **Placement cell should establish:** छात्र–छात्राओं को रोजगार नियोजन की दिशा में प्रयास किया जाए व सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया की डॉ० ममता सिंघल के निर्देशन में प्लेसमेंट सैल को स्थापित किया जाए।

22. **At least two digital notice boards (40" led display) should be installed in campus:** महाविद्यालय में तीन डिजिटल नोटिस बोर्ड स्थापित किये जाए। इस हेतु आई०टी० कमेटी व डीन को इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी जाए।

23. **One point for drinking water should be start outside the college gate:** महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर आर०ओ० पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी। इस हेतू सचिव, प्रबन्ध समिति महोदय ने आश्वासन दिया।

24. **A Big Size Flex Board containing Name / Photo/ education qualification of teachers should be unstalled near the gate (As Directed by Regional Higher Education Office. dated 3. Dec 2016):** महाविद्यालय में एक फ्लैक्स बोर्ड को लगवाने की जिम्मेदारी श्री सुनील जैन, कार्यालय अधीक्षक को दी गई वह जल्द से जल्द इस कार्य को सम्पन कराये।

25. **Departmental labs furniture should repair / change:** महाविद्यालय के सभी विभागों की लैब का फर्नीचर आदि की व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए इस सम्बंध में सभी विभागों को निर्देश दिया जाए की वे अपनी आवश्यकताएं प्राचार्य जी के माध्यम से पूर्ण कराये।

26. **College electric wiring should improve:** महाविद्यालय की बिजली की तारों को जल्द ही बदला जाए इस हेतु सचिव (प्रबन्ध समिति) महोदय ने जल्द ही पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

27. **Complete Digitalization of College academic & office work, including account & exam:** महाविद्यालय के सभी कार्य का पूर्णतया कम्पयूटरीकरण किये जाने के सम्बंध में प्राचार्य महोदय ने जानकारी दी कि इस हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जो जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा।

20/9/2017

(डॉ० प्रदीप कुमार)
समन्वयक
आई० क्यू० ए० सी०

20.9.2017

(डॉ पी० के० वार्ष्णेय)
का० प्रचार्य